तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

12 जनजातीय नाट्य और शिल्पकला में दिखी ...




12 कलेक्टर और एसपी बाइक में सवार होकर पहुंचे ग्राम...





## 5.44 करोड़ के बकाया बिल के चलते 7525 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटी

### डिस्कनेक्शन अभियान के दौरान बकायादार 15440 उपभोक्ता से 5.35 करोड़ वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर दो अरब का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से निजी उपभोक्ताओं पर 65 करोड़ एवं शासकीय विभागों पर 1.35 अरब रूपए का बिल लंबित है। इसकी वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने सातों जिलों में डिस्कनेक्शन अभियान तेज किया गया है। अभियान की टीम ने 5 करोड़ 44 लाख 14 हजार 859 रुपए बकाया के लिए 7 हजार 525 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटा। इसी दौरान बकायादार 15 हजार 440 उपभोक्ताओं से 5 करोड़ 35 लाख 12 हजार 570 रूपए वसूल किया गया। ऐसे उपभोक्ता जिन पर एक हजार से अधिक बकाया है, उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रथम चरण में कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को टारगेट किया गया है। हालांकि अभियान के दौरान ईडी अपने टीम के निरीक्षण किया, जिसमें अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता शामिल रहे। बताया जा रहा है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत वितरण केन्द्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने क्षेत्र के शासकीय विभागों को नोटिस दिया कि वे मार्च तक बकाया बिजली बिल का भुगतान करें। नोटिस का ध्यान नहीं देने पर कनेक्शन काटने और मीटर उखाड़े जाएंगे।





#### बिजली बिल बकाया निरंक करें

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि बकाया की वसूली करें, जिससे बकाया निरंक हो सके। बकाया निरंक होने पर क्षेत्र के अधिकारियों को कंपनी की ओर सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय में हुआ महिलाओं का सम्मान



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आज पार्टी कार्यालय में महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा सहित पार्टी के लोग उपस्थित रहे। अलग अलग क्षेत्र में माहरत हासिल करने वाली 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### कर्तव्य में लापरवाही पर रुकी 4 कर्मचारियों की वेतनवृद्धि

**बीजापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने 1 उप अभियंता सहित 3 सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए एक वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के दायित्व में लापरवाही बरतने के साथ ही मीटिंग और वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति और कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा संतोषजनक जवाब नहीं देने के कारण की गई है।

### 2 प्रकरणों में 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ति परिवार को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतक पाण्डू अंगनपल्ली की पत्नि मदनी निवासी ग्राम बोरजे एवं नाले के पानी से डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका कु. अंजली गावडी के पिता गावडी गणपत निवासी ग्राम दम्पाया तहसील भोपालपटनम को 4-4 लाख कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है।

### माता का महाभंडारा आयोजित होगा कल

**जगदलपुर।** राजा रुद्रप्रतापदेव टाउन क्लब प्रांगण में शनिवार दोपहर 1 बजे से माता का महाभंडारा होगा। मां दंतेश्वरी सेवा वाहिनी ने श्रद्धालुओं से माता का आशीर्वाद और प्रसाद के लिए आमंत्रित किया है।

### आप ने अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी बीजापुर के सतीश मंडावी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर जगह-जगह खुलेआम बिक रही अवैध शराब रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्कूली बच्चे भी शराब पीकर जिदंगी बरबाद कर रहे हैं। शराब बिक्री में गुण्डे, मवाली और बरबाद सक्रिय हैं। जिला आबकारी अधिकारी और कोतवाली थाना प्रभारी बीजापुर को भी ज्ञापन की कापी भेजी गई है।

### छात्रा का इंसपायर ऑवार्ड में चयन

**सुकमा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी शासकीय हाईस्कूल मुरतोंडा में अध्ययनरत कक्षा-10वीं की होनहार छात्रा का आईडिया मानक इंसपायर ऑवार्ड 2024 के लिए चयन हुआ है। मुरतोंडा के गोलगुड़ा निवासी छात्रा सरोज यादव पढ़ाई मे बहुत होनहार है। पढ़ाई के अलवा संस्कृतिक कार्यक्रम मे भी बहुत प्रतिभाशाली हैं। साथ ही रंगोली कला मे भी पारंगत है। छात्रा के प्रतिभा को देखकर संस्था के प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार मिस्त्री के मार्गदर्शन पर विज्ञान शिक्षक जानकी साहू के सहयोग से बाल वैज्ञानिक मनोवृति को उनके आईडिया को मानक इंसपायर ऑवार्ड साईट मे पंजीकृत किया गया।

### भ्रमण : अबूझमाड़ के बच्चों ने देखी विधानसभा

## अबूझमाड़ में विकास को गति देना हमारी प्राथमिकता : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र अबूझमाड़ के 120 बच्चों ने आज विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा वनमंत्री केदार कश्यप से मुलाकात की। ये बच्चे 'स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना' के तहत राजधानी रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार अबूझमाड़ के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ वर्षों तक विकास की धारा से वंचित रहा, लेकिन हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यहां के हर गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचे। उन्होंने भ्रमण पर आए बच्चों से कहा कि आपका उज्ज्वल भविष्य ही हमारी प्राथमिकता है।



मुख्यमंत्री ने बताया कि अबूझमाड़ के गांवों में सड़क निर्माण, मोबाइल टावर लगाने, स्कूलों के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत वहां तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में अबूझमाड़ सहित पूरे बस्तर क्षेत्र के विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए ठोस कार्ययोजनाओं पर काम कर रही हैं।

#### आपकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य हमारी जिम्मेदारी : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि अबूझमाड़ के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि वे अपने क्षेत्र और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है और हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि अबूझमाड़ में बेहतर स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

#### बच्चों ने विधानसभा और राजधानी का अनुभव लिया

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का दौरा किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी। बच्चों ने पहली बार लोकतंत्र के इस मंदिर को करीब से देखा और जनप्रतिनिधियों की चर्चाओं को सुनकर उत्साहित हुए। इसके अलावा उन्होंने रेलवे स्टेशन, मॉल और वनवासी कल्याण आश्रम का भी दौरा किया।

## कमेटी गठन के नाम पर छल पंचायत सचिव हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नियमितीकरण एवं अपनी सेवा के शासकीयकरण की मांग को लेकर जिले के समस्त सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के बाद जिले में ब्लॉक व जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन का सिलसिला जारी है।

हड़ताल के चौथे दिन जिला मुख्यालय में सचिवों ने धरना दिया। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष भरत हपका ने कहा कि सरकार बनने से पहले मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण व नियमितीकरण शामिल होने की बात कही गई थी। सरकार में आने के डेढ़ साल बीतने के बावजूद यह वादा नहीं निभाया गया। शासकीयकरण की मांग को लेकर समिति गठित कर और महीने भर में रिपोर्ट पेश करने की घोषणा की गई थी। लेकिन समिति ने 30 दिन तो दूर सालभर बाद भी रिपोर्ट पेश नहीं किया। ऐसा करके पंचायत सचिवों के साथ छल किया गया है। इसीलिए मांग पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सचिव डटे रहेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष पीलू डेगल ने कहा कि सरकार ने इस बार भी सचिवों के साथ धोखा किया है। विधानसभा में विभागीय मंत्री के जवाब से इस धोखे का खुलासा चुका है। इसीलिए इस बार सचिव किसी झांसे में आने वाले नहीं हैं। उप प्रांताध्यक्ष प्रियंका दीवान ने कहा कि 22 से ज्यादा सरकारी विभागों की योजनाओं को मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले पंचायत सचिवों के साथ हमेशा अन्याय होता आया है। इस बार इस अन्याय को सहन नहीं किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित-** धरना स्थल पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मालती राणा, दंतेवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष बोटीराम भास्कर, गीदम ब्लॉक अध्यक्ष देवीचंद मंडावी, कटेकल्याण ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुंजाम, कुआकोंडा ब्लॉक अध्यक्ष समर सिंह ठाकुर समेत जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्राचीन मंदिर और धरोहर देखकर प्रसन्न हुए विद्यार्थी



**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के द्वारा डॉ. आशीषधर दीवान और डॉ. हेमलता मिंज के नेतृत्व में छात्राओं को एक दिवसीय ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण किया। बस्तर जिले में लगभग चौथी शताब्दी ई. से 13 वीं शताब्दी ई. तक के नारायणपाल में स्थित नारायण मंदिर, छिन्दक नागवंशी ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ शैक्षणिक भ्रमण में बारसूर, गमावाड़ा और नारायणपाल की स्थापत्य कला से अवगत हुए



## शहीद पार्क में टॉय ट्रेन का संचालन शुरू

**जगदलपुर।** शहर के शहीद पार्क में गुरुवार शाम टॉय ट्रेन का उद्घाटन किया गया। मालूम हो कि पिछले कुछ सालों से बंद पड़ा टॉय ट्रेन का संचालन आज प्रारंभ हुआ। ग्रीष्मकालीन अवकाश के मद्देनजर बच्चों के लिए आज इस ट्रेन का उद्घाटन किया गया। ट्रेन को स्वयं महापौर संजय पाण्डे ने चलाकर इसका शुभारंभ किया। इसके साथ ही अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इसके पूर्व विधिवत पूजा अर्चना की गई।पहले दिन ट्रेन चलने से बच्चों के चेहरे पर खुशी देखी गई। ट्रेन को पुरी तरह बलून से सजाया गया था।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी मेंबर लक्ष्मण झा, पार्षद संतोष गौर, उर्मिला यादव, हरीश पारख, दिलीप दास, पारुल बोथरा, आशा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर निकाली जागरुकता रैली, मेयर ने दिखाई झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर आज सुबह महारानी अस्पताल से जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को महापौर संजय पाण्डे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए रैली वापस जिला चिकित्सालय पहुंची। महापौर ने कहा नियमित दांतों की सफाई करनी चाहिए। रात को सोने से पहले ब्रश करना न भूलें। हर 2 माह में अपना टूथब्रश बदलना चाहिए। समय समय पर अपने दांतों की नियमित जांच व सफाई करानी चाहिए। उन्होंने रैली द्वारा घर घर तक जागरुकता पहुंचाने के लिए पुरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग की टीम जागरुकता का जो संदेश दे रहे हैं उसमें सभी सफल हों।



**ये रहे उपस्थित-**इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, कौशिक शुक्ला, पंकज आचार्य, धर्मेंद्र चौहान, विवेक जैन, गोविंद वर्मा, गौतम कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 70 वर्षीय वरिष्ठ जनों की 5 लाख तक होगी चिकित्सा

## आयुष्मान व वय वंदना कार्ड बनाने का महाअभियान 24 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड बनाने का महाअभियान संपूर्ण बस्तर जिले में 24 से 27 मार्च तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभाग जैसे पंचायत विभाग, महिला बाल विकास राजस्व विभाग, खाद्य विभाग के सहयोग से संपूर्ण बस्तर जिले में आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसमें बस्तर जिले में प्रत्येक पंचायत स्तर पर और शहर के सभी 48 वार्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम के द्वारा निर्धारित स्थान पर कार्ड का निर्माण किया जाएगा।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का कार्य देख रहे जिला कार्यक्रम समन्वयक पृथ्वी साहू द्वारा बताया गया कि आयुष्मान कार्ड के तहत बीपीएल राशन कार्ड धारी एक परिवार के सभी सदस्यों को 5 लाख का प्रतिवर्ष चिकित्सकीय लाभ भारत सरकार द्वारा दिया जाता है। इसी तरह एपीएल कार्ड धारी परिवार के सभी सदस्यों को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपए तक का चिकित्सीय लाभ दिया जाता है। महाभियान का मुख्य उद्देश्य वय वंदना आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जाना है। इस कार्ड के तहत सभी भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक हो, जिनके पास अपना आधार कार्ड हो ऐसे वरिष्ठ जनों को 5 लाख रूपए तक का चिकित्सकीय लाभ शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।





#### 88 फीसदी आयुष्मान कार्ड पूर्ण

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि बस्तर जिले में अब तक आयुष्मान कार्ड के निर्माण का कार्य लगभग 88 फीसदी पूर्ण किया जा चुका है। वृद्धजनों के लिए भारत सरकार की योजना वय वंदना कार्ड काफी कम संख्या में बनने के कारण इसका महा अभियान संपूर्ण बस्तर जिले में चलाया जा रहा है। अभियान में विभाग द्वारा गठित आयुष्मान कार्ड निर्माण टीम का गठन कर संपूर्ण बस्तर जिले और जगदलपुर शहर में प्रत्येक वार्ड में कार्ड का निर्माण किया जाएगा।*

## झीरम स्मारक में छेड़खानी पर एफआईआर करवाने थाने पहुंचे महापौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे गुरुवार को शाम 5 बजे निगम सभापति खेमसिंग देवांगन व एमआईसी सदस्यों के साथ सिटी कोतवाली पहुंचे।

इस दौरान कोतवाली टीआई शिवानंद सिंह के समक्ष झीरम स्मारक में असामाजिक तत्वों ने छेड़खानी और क्षतिग्रस्त करने की शिकायत दर्ज की। महापौर ने कड़ी कार्रवाई करने एफआईआर करवाया। गौरतलब है कि लालबाग में बने शहीद स्मारक में जगह-जगह तोड़फोड़ की गई है। आज युवक कांग्रेस के नेताओं ने भी कोतवाली में इसकी शिकायत कर झीरम कांड में शहीद हुए कांग्रेसियों का अपमान बताते कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

